



## अतिवृष्टि से फसलों को भारी नुकसान ,पूर्व मंत्री ने कलेक्टर को पत्र लिख सर्वे कराने पर दिया जोर




**नवभारत न्यूज़**
**सौंसर 2 जनवरी.** पांढुर्णा जिले के सौसर एवं पांढुर्णा विकासखंड में हुई अतिवृष्टि एवं शीतलहर से किसानों की फसलें बुरीतरह प्रभावित हुई है। क्षेत्र में कपास और तुअर की फसल लगभग सत्तर प्रतिशत तक नष्ट हो चुकी है, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति गंभीर होते जा रही है। शुक्रवार को पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड ने किसानों की इस गंभीर समस्या को लेकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौपते हुये प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल फसल नुकसान का सर्वे कराने की मांग रखी। उन्होने बताया कि, पांढुर्णा जिले में लगभग 80 प्रतिषत किसान कपास और तुअर की खेती पर निर्भर है और इसी फसल के आधार पर अपनी आजीविका चलाते है। किसानों द्वारा सेवा सहकारी समितियों एवं बैंकों से ऋण लेकर खेती की जाती है तथा फसल बीमा भी कराया गया है, इसके बावजूद अब तक किसी भी किसान को फसल बीमा का लाभ या मुआवजा राशी नही मिली है। पूर्व मंत्री मोहोड ने प्रशासन से मांग की है कि, किसानों की परेषानी को ध्यान में रखते हुये शीघ्र सर्वे कराकर फसल बीमा एवं मुआवजा राशी दिलाई जाये ताकि, किसानों को राहत मिल सके। वही दुसरी ओर किसानों का कहना है कि, यदि शीघ्र सर्वे होकर सहायता नही मिली तो उनके सामने गंभीर आर्थिक संकट खडा हो जायेगा।

## दयानंद ने रानी दुर्गावती चौक पर बिखरी पड़ी गिट्टी हटाई

**छिंदवाड़ा।** शहर में आये दिन हो रही दुर्घटनाओं को देखते हुये एवं विगत् दिनों नरसिंहपुर रोड में एक महिला के साथ रोड पर बिखरी पड़ी गिटटी के कारण उनका वाहन गिर जाने से हुई घटना को देखते हुये समाजसेवी दयानंद चैरसिया ने आज रानी दुर्गावती चैक पर बिखरी पड़ी गिट्टी हटाई । उन्होनें इसके पूर्व भी तिलक मार्केट चैक पर ओवर ब्रिज के नीचे जहाॅ–तहाॅ पड़ी बिखरी गिट्टी हटाई थी ताकि आम राहगीरों के साथ किसी प्रकार की अप्रिय घटना घटित न हो सके। उन्होनें प्रशासन एवं आम जनता से भी अपील की है कि निर्माण कार्य के दौरान जहाॅ–तहाॅ पड़ी गिट्टी को तत्काल मटेरियल मालिकों से हटवाया जावे और ट्रेक्टर एवं डम्पर चालकों के विरूद्ध कार्यवाही की जावे जो कि ओवर लोड भरकर ले जाते हैं जिससे जहाॅ–तहाॅ गिटटी गिरते जाती है । उन्होनें कहा कि अभी भी शहर में अनेकों स्थानों पर जहाॅ–तहाॅ, गिट्टी एवं मटेरियल पड़ा हुआ है एवं आवागमन के मार्गो पर गड्डे हो रहे हैं.

## तुम ना सुनोगे तो कौन सुनेगा गीत से श्याम दरबार में दर्शक हुए मंत्र मुग्ध

**नवभारत न्यूज**
**जुन्नारदेव,** श्याम दरबार में गायिका यशी चौरसिया सुमधुर गीत श्तुम ना सुनोगे तो कौन सुनेगा श् ने दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। अभिषेक दुर्गा उत्सव समिति द्वारा नव वर्ष 1 जनवरी 2026 की संध्या को श्याम बाबा के कीर्तन का आयोजन किया गया। नव वर्ष की रात बाबा श्याम के साथ संध्या का आयोजन पुरानी सब्जी मंडी वार्ड नंबर 5 में शाम 7 बजे से किया गया, जहां हजारों की संख्या में पहुंचकर श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के मधुर भजनों का लुत्फ उठाया। यहां दरबार सेवा श्रीलखदातार दरबार सेवा ईकलहरा के द्वारा सजाया गया।



कार्यक्रम स्थल पर भजन संध्या के पूर्व पूजन हवन के दौरान अग्नि स्वरूप में श्री श्याम बाबा के दर्शन का लाभ भी दर्शकों ने उठाया। हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालु दर्शकों ने श्याम बाबा के धार्मिक गीतों का आनंद लेकर झूमे। भजन संध्या की प्रस्तुति के लिए बैतूल के गायक शैलेंद्र डोंगरे, उज्जैन के गायक भास्कर पुरोहित के द्वारा श्याम बाबा के शुमधुर गीतों का आयोजन भी किया गया।

## विधायक निधि से ग्राम गुजरखेडी में बनेगा रंगमच



**नव भारत न्यूज**
**पांढुरना,2जनवरी,** नगरीय सीमा से लगे ग्राम गुजरखेड़ी के ग्रामीणों की मांग पर विधायक नीलेश उइके द्वारा ग्राम में बने बिरसा मुंडा प्रतिमा स्थल के पास रंगमच बनाने हेतु 2 लाख कि विधायक निधि की राशि दी हैं, इसी रंगमच का शुक्रवार को विधायक नीलेश उइके द्वारा विधिवत भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जतन उइके, सहित कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकता, ग्राम सरपंच, अन्य जनप्रतिनिधि ,ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## वर्ष के पहले दिन शासकीय चिकित्सालय में गूंजी चार किलकारियां

**नव भारत न्यूज**
**पांढुरना,2 जनवरी,** नगर के शासकीय चिकित्सालय में वर्ष के पहले दिन गुरूवार को चार किलकारिया गूंजी,यहां जन्मे चार नवजात शिशुओं में तीन बालक एवं एक बालिका का समावेश हैं । नगर के शासकीय चिकित्सालय के सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार इस वर्ष 1 जनवरी 2026 के पहले दिन कुल चार बच्चों ने जन्म लिया, जिसमें तीन बालक एव एक बालिका का समावेश है, जिसमें ग्राम बेलगाव निवासी श्रीमती नीलिमा पति रामचरण मेश्राम, गुजरखडी की श्रीमती प्रेमलता पति मुकेश कोकोडे एव महाराष्ट्र के वरुड़ के ग्राम वाहदा निवासी श्रीमती योगिता पति ज्ञानेश्वर आहके के यहां पुत्र रत्न की प्राप्ती हुई हैं । जबकि ग्राम राजडोंगरी निवासी श्रीमती भारती पति गुरूप्रसाद कवडेती के घर लक्ष्मी कन्या के रूप में पुत्री रत्न की प्राप्ति हुई हैं । इस वर्ष के पहले दिन इनके घर में आई इस खुशी पर सभी ने इन्हें बधाइयां दी हैं ।

चिकित्साको के अनुसार इन शिशुओं के साथ ही इसकी माताए भी पूरी तरह सुरक्षित हैं ।

## हरे भरे पेड़ो की हो रही धडल्ले से कटाई, राजस्व विभाग अनजान

**नवभारत न्यूज़**
**सौंसर 2 जनवरी–** सौंसर ब्लॉक मे इन दिनो हरे भरे पेडो की धडल्ले से कटाई कर कपंनीयो मे माल सप्लाई करने की चर्चा जोरो पर है. ग्रामिणो ने कई बार शिकायत करने के बाद भी पटवारी द्वारा कार्यवाही न करना कई सवाल खडे कर रहे है.

क्षेत्र के ग्राम रंगारी , संगम, सावंगा मे कन्हान नदी किनारे राजस्व की भूमि से बडे बडे हरे भरे पेडो की कटाई की जा रही है. जो खुलेआम कंपनीयो मे सप्लाई की जा रही है. लकडा माफिया बेखौफ होकर बडे बडे पेडो को काटकर नदी की सुंदरता पर ग्रहण लगा रहा है. ऐसे ही पेडो की कटाई की जाती रही तो भविष्य मे कन्हान नदी का कटाव बढने से बाढ जैसे हालत बन जायेगे. ग्रामिणो ने बताया कि, हमारे द्वारा लकडा माफिया को पेड काटने से रोकने पर उनके द्वारा धमकाया जा रहा है. इस लकडा माफिया ने इसके पूर्व ग्राम हिवरा ग्राम मे भी तांडव मचाया था. वहा कार्यवाही होने के बाद अब यह लकडा माफिया इन क्षेत्र मे धडल्ले से पेडो की बली चढा रहा है. इधर लकडा माफिया द्वारा की जा रही कटाई को लेकर सम्बधीत हल्का पटवारीयो से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि, यह जानकारी आपसे ही मिली है. मौका स्थल पर जाकर कार्यवाही की जाने की बात कही है. बहरहाल क्षेत्र मे हेरे भरे पेडो की कटाई नही रोकी गई तो ग्रामिण तहसील मे आकर धरना आंदोलन करेगे.

## अतिथि शिक्षकों का तीन दिवसीय धरना आंदोलन का हुआ शुभारंभ

### विधायक श्री उइके ने धरना स्थल पहुचकर शिक्षको के मांगों का किया समर्थन

**नव भारत न्यूज**
**पांढुरना ,2 जनवरी,** अपनी लंबित मांगो के निराकरण को लेकर संघर्ष कर रहे अतिथि शिक्षको ने अब आंदोलन की राह अपनाते हुएपूरे प्रदेश की तरह ही पांढुरना जिले के अतिथीं शिक्षक आज से धरने पर बैठ गए है। प्रदेश सरकार द्वारा अतिथि शिक्षको की लंबित मांगो का निराकरण नही किए जाने से आहत अतिथि शिक्षको ने अब प्रदेश सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया हैं ।प्रदेश के अन्य जिलों की तरह ही पांढुरना जिले के शिक्षको ने भी नगर के राजा भोज प्रतिमा के समक्ष तीन दिवसीय धरने पर बैठ गए है ।इस धरना स्थल पर शुक्रवार को पांढुरना विधायक नीलेश उइके एवं जिला कांग्रेस कमेटी के जतन उइके ने पहुचकर इन अतिथि शिक्षकों की मांगों का पुरजोर समर्थन किया। धरना आंदोलन के



अंतिम दिन रविवार को विशाल रैली निकाल कर संघटन अपनी मांगो को लेकर मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सोपेंगे। आज शुक्रवार को इस अतिथि शिक्षक के धरना आंदोलन में जिला अध्यक्ष –रवि पाटिल जिला सयोजक –सिरपत पवार ,जिला कार्यकारी अध्यक्ष –बंडु गोलाईत, सौंसर ब्लॉक अध्यक्ष – राजेंद्र पिम्पलकर,प्रदीप एमदे,श्याम डोंगरे नान्दनवाड़ी ब्लॉक अध्यक्ष जावेद शेख,घनश्याम गोहिते,दिवाकर सरयाम,उमेन इवने प्रवीण साहू पांढुर्ना ब्लॉक अध्यक्ष – गजानन वानखेड़े,प्रमोद तहकीत,जीतेन्द्र पराड़कर जिला मिडिया प्रभारी–सूर्यकांत शेंडेआदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## अंबाड़ा पुलिस के कथित तानाशाही रवैए के विरोध में आदिवासी समाज का आक्रोश

### अंबाड़ा चौकी का घेराव समझाइश के बाद मामला शांत

**जुन्नारदेव,** जुन्नारदेव थाना अंतर्गत आने वाली अंबाड़ा चौकी पर कथित तानाशाही रवैए और अभद्र व्यवहार के आरोपों को लेकर आदिवासी समाज का गुस्सा फूट पड़ा। मंगलवार को बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग और संगठन प्रतिनिधि चौकी पहुंचे और घेराव करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने चौकी प्रभारी पर आदिवासी समाज के लोगों के साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए कड़ी नाराजगी जताई। इस दौरान सामाजिक प्रतिनिधि गोपी कायदा, दुर्गेश कायदा, दशरथ इवनती, मेहरबान कुमरे, रघुवीर उईके, नीतू धुर्वे, सरोज बट्टी, राहुल वन, रंबू वन, चरणलाल दर्शमा, शेरू खडसे, बापू खडसे राजू वर्मा, याकूब सिद्दकी, अंसार खान सहित बड़ी संख्या में समाज जन मौजूद रहे। प्रदर्शन के दौरान समाज जनों ने चौकी प्रभारी को समझाइश देते हुए स्पष्ट चेतावनी दी कि भविष्य में किसी भी आदिवासी या गैर–आदिवासी व्यक्ति के साथ अभद्र व्यवहार न किया जाए और अनावश्यक रूप से परेशान करने जैसी घटनाएं दोबारा न हों। साथ ही अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने की भी मांग की गई, जिसमें अवैध शराब की कुचिया और अवैध खनिज तस्करी पर सख्त कार्रवाई की बात कही गई। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यदि फिर ऐसी स्थितियां बनीं तो वे मजबूरन बड़ा आंदोलन खड़ा करेंगे। तनाव की स्थिति के बीच पुलिस और समाजजनों के बीच संवाद हुआ और खींचातानी के हालात के बाद अंतत: दोनों पक्षों के बीच भविष्य में सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने और पुलिस जनता समन्वय मजबूत करने पर सहमति बनी। समझाइश के बाद मामला शांत हुआ और प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से समाप्त हो गया। समाजजनों ने उम्मीद जताई कि आगे से पुलिस संवेदनशीलता और सम्मानजनक व्यवहार अपनाएगी। मौके पर राजू वर्मा, याकूब सिद्दकी, दुर्गेश कायदा, मनीष राऊत सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## धार्मिक आयोजनो से क्षेत्र में बढ़ता है भाईचारा : संदीप मोहड़

### छतरापुर में हुआ श्रीमद् भागवत कथा का समापन



**नवभारत न्यूज़**
**सौसर 2 जनवरी.** ग्राम छत्रापुर में श्रीमद् भागवत कथा का गुरुवार को गोपाल काला कीर्तन एवं महाप्रसाद वितरण के साथ में समापन किया गया, सप्ताह भर चले आयोजन में ग्राम वासियों एवं क्षेत्र वासियों के द्वारा भगवान की विभिन्न लीलाओं का महाराज श्री के मुखारविंद से रसपान किया समापन अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़ ने पहुंचकर संतों का सत्कार कर आशीर्वाद प्राप्त किया, आयोजन के दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष श्री मोहड़ ने कहा वर्तमान परिवेश में ऐसे धार्मिक आयोजन की क्षेत्र एवं ग्राम में अत्यंत आवश्यकता है। ऐसे धार्मिक आयोजनों से गांव क्षेत्र में प्रेम भाईचारा और धार्मिकता का भाव उत्पन्न होता है, श्रीमद् भागवत कथा के सफल आयोजन के लिए ठाकरे परिवार एवं ग्राम वासियों को मैं बधाई देता हु। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन महाप्रसाद वितरण के साथ में किया गया जिसमें बड़ी संख्या में ग्राम वासियों ने पहुंचकर महाप्रसाद का पुण्य लाभ लिया।

20 दिनों में 650 किलोमीटर का सफर पैदल तय करेंगे साई भक्त

## जिलेवासियों के सुख समृद्धि के लिए एक सैकड़ा पदयात्री आज हुए शिर्डी रवाना

**नवभारत न्यूज पांढुरना,2 जनवरी,** जिलेवासियों की सुख समृद्धि की मनोकामना को लेकर शिर्डी के साई मंदिर में विशेष पूजा अर्चना करने एक सैकड़ा साई पदयात्रियों का जत्था शुक्रवार को साई बाबा के पवित्र धाम शिर्डी के लिए रवाना हुआ। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर के पारडी मार्ग पर स्थित साई मंदिर की सदगुरु साई भिक्षा झोली पालकी समिति द्वारा आयोजित इस वर्ष पदयात्रा पालकी में 100 साई भक्तगणों द्वारा साईं बाबा के पवित्र धाम शिर्डी तक कि पदयात्रा में जाने के लिए विधिवत पंजीयन किया था। आज शुक्रवार के दोपहर नगर से शिर्डी के लिए रवाना होने की पूर्व संध्या पर नगर के पारडी मार्ग की साई टेकड़ी मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई थी ।जो नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए नगर के हृदय स्थल गुजरी बाजार स्थित साई कुटिया में देर रात पहुचीं, जहा पदयात्रियों द्वारा विश्राम करने के बाद आज शुक्रवार की सुबह काकड़ एव दोपहर में आरती के बाद यह पालकी यात्रा शिर्डी के लिए नगर से रवाना हुई, इन पदयात्रियों को हजारों की संख्या में साई भक्तगणों द्वारा श्री राम मार्केट, जय स्तंभ चौक,तीन शेर, शान्ति निकेतन,शनि मंदिर, तक साथ मे चलकर शिर्डी के लिए रवाना किया। समिति के अध्यक्ष श्री तहकीत द्वारा बताया कि यह पदयात्री आगमी 20 दिनों में कुल 650 किलोमीटर का यह पांढुरना से शिर्डी तक का सफर पैदल ही साई बाबा का गुणगान करते हुए तय कर आगामी 20 जनवरी को शिर्डी पहुचकर 21 जनवरी को साई बाबा के मंदिर में विशेष पूजा आरती कर जिलावासियों की सुख समृद्धि के लिए पूजा आरती करेंगे।

## पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने सौपा ज्ञापन

**जुन्नारदेव,** विकासखण्ड क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पंचायत बुधवारा के ग्राम मेहंदीढाना के ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर बताया कि वह पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। वर्तमान में गांव में दो हेडपंप है परंतु दोनो खराब हो चुके है और ग्राम वासियों को पानी की बहुत अधिक परेशानी हो रही है। ग्राम मेंहदीढाना में नल जल योजना है किंतु योजना का लाभ ग्रामवासियों को नहीं मिल पा रहा है। ग्राम मेंहदीढाना को ग्राम धाघरा से नल जल योजना के तहत जोड़ना चाहिए जो की ग्राम पंचायत द्वारा ग्राम बुधवारा से जोड़े जाने को कहा जा रहा है परंतु धाधरा एवं मेहदीढाना की दुरी कम होने के कारण नल जल योजना के तहत धाधरा से जोड़ा जा सकता है। ग्रामीणों ने मांग की है कि नल जल योजना के तहत ग्राम धाधरा से मेहदीढाना की दुरी कम होने के कारण नल जल योजना को ग्राम धाधरा से जोड़कर पानी की समस्या के निराकरण की मांग की गई है।

## विशाल हिंदू सम्मेलन की रणनीति को लेकर बैठक आज

**जुन्नारदेव,** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्थापना शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य मे हिन्दू सम्मेलन समिति द्वारा आगामी तिथि मे नगर जुन्नारदेव मे विशाल हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया जाना है। इस विशाल सम्मेलन की भव्यता और सफलता के लिए स्थानीय मंगल भवन वार्ड क्रमांक 05 मे 3 जनवरी 2026 दिन शनिवार दोपहर 3.00 बजे विचार –विमर्श हेतु वृहद बैठक का आयोजन किया गया है जिसमे समस्त हिन्दू समाज को आमंत्रित किया गया है। हिंदू सम्मेलन समिति ने समस्त हिंदू धर्मावलंबियों से समय के पूर्व बैठक में अपनी उपस्थिति देने की अपील की है।

जिलेवासियों के लिए की सुख समृद्धि और वैभव की कामना

## सांसद बंटी विवेक साहू ने मैहर में शारदा माता मंदिर में टेका माथा

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा।** धर्म के प्रति विशेष आस्था रखने वाले सांसद बंटी विवेक साहू जिले के प्रवास के दौरान लगातार मंदिरों और धार्मिक आयोजनों में शामिल होकर जिलेवासियों के लिए सुख समृद्धि की कामना कर रहे हैं। इसी के तहत शुक्रवार को नववर्ष के अवसर पर मैहर मां शारदा मंदिर में पहुंचे सांसद बंटी विवेक साहू ने माता रानी के मंदिर में माथा टेकर विधी विधान से पूजा – अर्चना करके जिलेवासियों के लिए सुख समृद्धि की कामना की है।

मैहर पहुंचने पर सांसद बंटी विवेक साहू का साहू समाज और भाजपा के पदाधिकारियों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। सांसद श्री साहू ने मां शारदा मंदिर



में विशेष पूजा– अर्चना के साथ ही भक्तगणों को भंडारा का वितरण करते हुए भंडारा ग्रहण भी किया। उन्होने माता रानी से प्रार्थना की है कि वे छिंदवाड़ा और पांढुर्णा जिले के निवासियों




पर विशेष कृपा दृष्टि बनाएं रखते हुए सुख समृद्धि और वैभव प्रदान करे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से राकेश दुबे, अनु चौरसिया, भीम दुबे और पप्पु साहू उपस्थित थे।

नेक्स्टजेनप्रेन्यूर 3 .0 ' में बोले माहेश्वरी समाज के 4 थी पीढ़ी के युवा उद्यमी

## परिवार के संस्कारों पर आधारित होती व्यवसाय की धरोहर

**नागपुर**, अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा 'नेक्स्टजेनप्रेन्यूर 3.0' नामक राष्ट्रीय बिजनेस कॉन्क्लेव में शनिवार का दिन एक नई रोशनी लेकर आया. अपनी 4थी व 5वीं पीढ़ी के उद्यमियों ने न केवल व्यवसाय के अपने मुल्यों और सिंद्धांतों को साजा किया, बल्कि युवाओं व्यावासाय करने की नई ऊर्जा और शक्ति दी. माहेश्वरी समाज के देश के प्रतिष्ठित कॉरपोरेट हाउस एवं उद्योगपतियों ने अपने विचार पैनल चर्चा और प्रेजेंटेशन के जरीए विचार रखें. गिमाटेक्स इंडस्ट्रीज के एमडी एवं विदर्भ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रशांत मोहता ने अपने कॉटन व्यावसाय को कैसे आगे बढ़ाया इसके गुर बताए. पारिवारिक धरोहर को आगे बढ़ाते हुए कार्यप्रणाली में नवाचार को अपनाते हुए उन्होंने प्रोडक्ट प्रेजेंटेशन, विश्वास, ब्रांडिंग से अपने व्यावसाय को आगे बढ़ाया. पहले ग्राहकों को प्रोडक्ट को समझाना होगा. सामाजिक दायित्व से ग्राहकों के साथ संबंध बनाने होंगे. वे बोले प्रत्येक पीढ़ी को पहले रेप्यूटेशन कमाती है, फिर पैसे कामाना सरल हो जाता है. जिससे व्यावसाय करना सरल हो जाता है. मूल्यों से समझौता न करें, भले की काम करने का तरीका बदलना पड़े.

**ग्रोथ का माइंडसेट आवश्यक**

जिमेटिक्स इंडस्ट्रीज के एमडी पंकज सारडा ने बताया कि कैसे अपने पुश्तेनी पीतल के बर्तनों के व्यावसाय को उन्होंने डूबने से बचाया और इसके अलावा भंडारा जैसे शहर में रहकर भी उन्होंने अपने व्यावसाय का विस्तार ही नहीं बल्कि दुनिया में नाम कमाया. विस्तार और ग्रोथ का माइंडसेट आवश्यक होता है, ना की आप कहां पर रहते हैं. व्यावसाय बिलकूल सरल होना चाहिए. अपने शब्दों की कीमत रखो. अपने व्यापारिक संगठनों की बेलेन्स शिट दूसरे व्यावसाय से मिलाओ. अपने को डांटनेवाला जरूर रखें.

**परिवारिक मूल्यों को बिजनेस में लाएं**

मास्टरसॉफ्ट के सीईओ और सह–संस्थापक गुरुदेव सोमानी ने बताया कि परिवारिक मूल्यों को बिजनेस में लाना जरूरी है. अपने पिता के कारोबार को उन्होंने कैसे आगे बढ़ाया इस पर प्रकाश डाला. चौपाईयों के सहारे उन्होंने कैसे व्यापारीक मूल्यों को अपनाया. ग्रहाकों की सेवा को प्राथमिकता देते हुए अपने मूल्यों से समझौता ना करने की सलाह दी.